# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 05/07/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 04.07.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना दुल्लहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 150/25 धारा 137(2), 87 बीएनएस मे वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उ0नि0 श्री गामा लाल व हे0का0 महेश प्रसाद द्वारा थाना दुल्लहपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 150/25 धारा 137(2), 87 बीएनएस मे वांछित चल रहे अभियुक्त निर्भय कुमार पुत्र बलेश्वर राम ग्राम पड़राव थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर उम्र लगभग 20 वर्ष को आज दिनांक 04.07.25 को दुल्लहपुर स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता –

निर्भय कुमार पुत्र बलेश्वर राम ग्राम पड़राव थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर

अपराधिक इतिहास –

मु0अ0सं0 150/20 धारा 137(2),87 बीएनएस थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर

**02. थाना रेवतीपुर पुलिस द्वारा 37 पेटी अंग्रेजी शराब / बीयर (कुल मात्रा 353.16 ली0) ,अनुमानित कीमत करीब (2 लाख 50 हजार रु0/) - के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष श्री रमेश कुमार पटेल, उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार मय हमराह द्वारा अभियुक्त 01. केशव पटेल पुत्र उमेश चौधरी उर्फ बहादुर चौधरी नि0ग्राम रेडीया थाना करहगर चौकी बढहरी जनपद रोहताश बिहार उम्र करीब 25 वर्ष को ग्राम नगदीलपुर से अठहठा जाने वाले रास्ते के चौराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियक्त-**

1. केशव पटेल पुत्र उमेश चौधरी उर्फ बहादुर चौधरी नि0ग्राम रेडीया थाना करहगर चौकी बढ़हरी जनपद रोहताश बिहार उम्र करीब 25 वर्ष।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -**

1. मु0अ0सं0 81/25 धारा 60/72 आबकारी अधि0 थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर।

**बरामदगी -**

- 19 पेटी 8PM अंग्रेजी शराब प्रति पेटी 48 पाऊच 180 ML कुल मात्रा 164.16 लीटर
- 08 पेटी रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब प्रति पेटी 24 पीस 375 ML कुल मात्रा 72 लीटर
- एक पेटी बलेन्डर प्राईड अग्रेजी शराब प्रति पेटी 24 पीस 375 ML कुल मात्रा 09 लीटर
- 09 पेटी हावर्डस 5000 गोल्ड स्ट्रांग बीयर प्रति पेटी 24 पीस 500 ML कुल मात्रा 108 लीटर
- बरामद कुल मात्रा 353.16 ली0 अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रु0/-।

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**